# लोक अदालत में 24 करोड़ से अधिक की समझौता राशि हुई जमा

## 2904 प्रकरणों का निराकरण, साढ़े 5 हजार प्रकरण रखे गए थे

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 13 दिसम्बर. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार 13 दिसंबर 2025 को जिला एवं सत्र न्यायालय, एडीआर सेंटर सतना में नेशनल लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया।**





कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती गीता सोलंकी सतना द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं मां सरस्वती के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। लोक अदालत के शुभारंभ अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायालय परिसर में लोक अदालत की गतिविधियों का अवलोकन किया गया तथा बैंकों एवं विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को अधिक से अधिक प्रकरणों के सौहार्दपूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित एवं प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत प्रशांत कुमार निगम, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष बंटी प्रसाद पाठक, समस्त न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी मधुसूदन जीनी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

नेशनल लोक अदालत के माध्यम से सतना जिले में कुल 2904 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इन प्रकरणों में लगभग 24 करोड़ 35 लाख 95 हजार 348 रुपये की समझौता राशि निर्धारित हुई, जिससे लगभग 5558 व्यक्ति प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए। लोक अदालत के माध्यम से बड़ी संख्या में लंबित मामलों का त्वरित एवं आपसी सहमति से समाधान कर न्यायालयों पर बोझ कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सतना के सचिव पार्थ शंकर मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल लोक अदालत के जरिए न केवल मामलों का शीघ्र निराकरण संभव हुआ, बल्कि संबंधित पक्षकारों को अनावश्यक खर्च, समय और मानसिक तनाव से भी राहत मिली। उन्होंने कहा कि लोक अदालत आपसी सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम है, जिससे समाज में शांति एवं सद्भावना का वातावरण निर्मित होता है।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 से

## उत्पादन बढ़ाने किये जाएंगे प्रयास

**नवभारत न्यूज**

**सतना 13 दिसम्बर म.प्र. शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 दिसम्बर 2025 से 3 जनवरी 2026 तक चलाया जायेगा। जिसमें पशुपालकों के सामाजिक, आर्थिक उत्थान, तकनीकी जागरूकता तथा आय दो गुना करने के लिए नवाचार की श्रृंखला में कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन पर प्रारंभ किया जा रहा है।**

उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सतना डॉ. एपी सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत प्रशिक्षित सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री गौसेवक, पशुसखी, दुग्ध सहकारी समिति के कार्यकर्ता, 5 से 9 गाय एवं भैंस पालने वाले पशुपालकों से भेंटकर पशुओं को नस्ल सुधार (सेक्स सर्टिड सीमन) से कृत्रिम गर्भाधान, पशु पोषण तथा पशु स्वास्थ्य के बारे में तथा उन्नत तकनीक से पशुपालन हेतु जागरूक किया जायेगा। इसके लिए जिले में मास्टर ट्रेनर द्वारा 148 प्रशिक्षणार्थियों को अभियान का प्रशिक्षण दिया गया है। जिले में एक कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमें अभियान के दौरान कठिनाईयों का समधान किया जा सकेगा।

# गतिशक्ति के तहत सतना स्टेशन का पुनर्निर्माण

## बदलेगा प्रवेश मार्ग, सेकेंड इंट्री होगी बंद

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 13 दिसम्बर. पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के डीआरएम कमल कुमार तलरेजा ने सतना रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया।**



हालांकि डीआरएम का प्लान जबलपुर से सीधे सतना आने का था, लेकिन वे देश की राजधानी दिल्ली से मनिकपुर, चितहरा और जैतवारा होते हुए सतना जंक्शन पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गतिशक्ति योजना के तहत चल रहे सतना रेलवे स्टेशन के रिडवलपमेंट कार्य की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पुनर्निर्माण का कार्य कर रही फर्म की धीमी प्रगति पर डीआरएम ने नाराजगी जताई और ठेकेदार को फटकार लगाई। ठेकेदार ने सफाई देते हुए कहा कि अर्थवर्क में समय लगता है और जैसे ही फाउंडेशन का कार्य पूरा होगा, निर्माण कार्य में तेजी नजर आने लगेगी। इस पर डीआरएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि हर हाल में 2 से 3 महीने के भीतर कार्य पूरा होना चाहिए और गुणवत्ता के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान डीआरएम को यह शिकायत भी मिली कि सतना रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर स्थित रेलवे अनुबंधित पन्ना कैंटीन रात 11 बजे के बाद भी खुली रहती है। इस पर डीआरएम ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया और नियमों के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**बंद होगी सेकेंड इंट्री**-स्टेशन रिडवलपमेंट के तहत प्रवेश व्यवस्था में भी बदलाव किया जाएगा। जबलपुर एंड की ओर बना सतना रेलवे स्टेशन का सेकेंड एंट्री गेट बंद किया जाएगा। इसके स्थान पर प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर पहली फुट ओवरब्रिज के पास लगभग 20 से 25 फीट का एक अस्थायी प्रवेश द्वार खोला जाएगा, जिससे यात्रियों को असुविधा न हो।

**मंदिर के मांगा स्थान** -मुख्य द्वार पर स्थित हनुमान मंदिर को लेकर भी चर्चा हुई। डीआरएम ने कहा कि मंदिर को शिफ्ट करने की आवश्यकता पड़ने पर रेलवे पूरी तरह सहयोग करेगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से कहा कि वे वैकल्पिक स्थान बताएं, उसी स्थान पर मंदिर को सम्मानपूर्वक शिफ्ट कर दिया जाएगा।

**लगरगवां में मंगा स्टेपेज** -वहीं, इस दौरान लगरगवां स्टेशन में स्टॉपेज की मांग भी उठी। रीवा से जबलपुर और जबलपुर से रीवा के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन, जिसे शटल ट्रेन के नाम से जाना जाता है, उसे लगरगवां स्टेशन पर ठहराव देने की मांग ऋषभ सिंह ने क्षेत्रीय लोगों के साथ डीआरएम के सामने रखी। डीआरएम ने इस मांग को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को परीक्षण कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

# जीवन सुरक्षित करना व जान बचाना सभी का दायित्व : अभय

## दो पहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, सुप्रीम कोर्ट रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक

**नवभारत न्यूज**

**सतना 13 दिसम्बर. सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला रोड सेफ्टी कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।**



बैठक में सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्री सप्रे ने बताया कि देश में रोड सेफ्टी की दिशा में कार्य करने की जिम्मेदारी सुप्रीम कोर्ट द्वारा सौंपी गई है। इस दिशा में कार्य करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि जीवन को सुरक्षित करना एवं लोगों की जान बचाना हम सभी का दायित्व है। वर्तमान समय में प्रत्येक घंटे में 25 से 50 लोगों की जान सडक दुर्घटनाओं में जा रही है। इसे गंभीरता से लेकर सडक सुरक्षा की दिशा में कार्य करना हम सभी का दायित्व है। इसके लिए सडक अच्छी एवं गुणवत्तापूर्ण बनना चाहिए। इस कार्य में यदि कोई कंपनी अथवा ठेकेदार लापरवाही बरतता है तो उसका लायसेंस/ठेका खत्म कर दिया जाये। रोड बनाने में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं हो, इस दिशा में जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करें। जिससे सडक दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। वर्तमान में वाहनों/गाडियों की संख्या बढ रही है। जिससे सडक दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। वाहन चालक एवं सडक पर चलने वाला प्रत्येक व्यक्ति दोनों सुरक्षा नियमों का पालन करें। जिससे दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। दुर्घटनाओं का मुख्य कारण ओवर स्पीड लांग ड्राइविंग, सील्ट नहीं बांधना तथा हेलमेट नहीं पहनना है। दुर्घटनाओं के मामले में मध्यप्रदेश दूसरे नम्बर पर तथा सतना जिला 13वें स्थान पर है। सडक दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में प्रत्येक व्यक्ति को जागृत करने के प्रयास किये जाये। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अनिवार्य रूप से पहने, इसके लिए घर-घर जाकर बताना जरूरी है।

### हर दिन सड़क दुर्घटना में एक मौत

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025 में सतना जिले में अब तक कुल 1344 सडक दुर्घटनायें हुई है। जिनमें से 383 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 1440 व्यक्ति घायल हुए है। बैठक में इस बात पर चिन्ता की गई कि जिले के नागरिकों के बीच यातायात के प्रति जनजागरुकता के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए .

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में कलेक्टर डॉ . सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, अपर कलेक्टर विकास सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, डीएफओ मयंक चांदीवाल, एसडीएम राहुल सिलाडिया, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग बीआर सिंह सहित ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, सीमेंट फैक्ट्रियों के प्रतिनिधि, नर्सिंग होम चिकित्सालयों के संचालक, रिलायंस कंपनी, स्टार ऑटोमोबाइल्स सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय मेयर्स परिषद् की बैठक में शामिल हुए योगेश

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 13 दिसम्बर. सूरत में आयोजित अखिल भारतीय मेयर्स परिषद की 116वीं कार्यकारिणी बैठक के अवसर पर सतना महापौर योगेश कुमार ताम्रकार शामिल हुए.**



देश के विभिन्न महानगरों के महापौरों एवं परिषद के पदाधिकारियों के साथ संवाद हुआ। इस अवसर पर शहरी विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बढ़ती जनसंख्या और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए शहरों का सुव्यवस्थित और सतत विकास आज की आवश्यकता है। नागरिकों को बेहतर ईज़ ऑफ़ लिविंग का अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार शहरी विकास की योजनाओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा रही है। मेयर्स सम्मेलन में स्मार्ट एवं टिकाऊ शहरी विकास के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान पर चर्चा की गई, जो देशभर के शहरों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2005 में गुजरात में 'शहरी विकास वर्ष' घोषित कर शहरीकरण को अवसर के रूप में देखने की दूरदर्शी सोच प्रस्तुत की थी।

उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025 को पुन: 'शहरी विकास वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। पिछले दो दशकों में गुजरात के शहर आधुनिक अधोसंरचना, नागरिक सुविधाओं, हरित क्षेत्रों, तकनीक-सक्षम प्रशासन, स्वच्छता एवं हरित गतिशीलता के माध्यम से जनकल्याण के केंद्र के रूप में विकसित हुए हैं। आगामी समय में जनहित को सर्वोपरि रखते हुए शहरों के सतत विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया गया।

# मुरलीधर शर्मा की पुण्यतिथि आज

**सतना, 13 दिसम्बर.** समाजवादी नेता और अधिवक्ता स्व मुरलीधर शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि 14 दिसम्बर को है उनके परिजनों द्वारा सतना के सेवा संकल्प में मरीजों को भोजन कराया जायेगा उक्त आषय की जानकारी उनके पुत्र जदयू नेता अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने दी।



# बनारस से एलएलटी के बीच स्पेशल ट्रेन का संचालन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 13 दिसम्बर. रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग पर 01082/01081 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस विशेष गाड़ी का संचालन बनारस से तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 14 दिसम्बर, 2025 को एक-एक ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है।**

यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गंतव्य को जाएगी। स्पेशल ट्रेन का विवरण इस प्रकार है. गाड़ी संख्या 01082 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष गाड़ी 12 दिसम्बर, 2025 को बनारस से 19.40 बजे प्रस्थान कर, वाराणसी से 20.05 बजे, मिर्जापुर से 21.50 बजे दूसरे दिन प्रयागराज छिवकी 01.17 बजे, मानिकपुर से 03.50 बजे, सतना से 04.57 बजे, मैहर से 05.27 बजे, कटनी से 06.30 बजे, जबलपुर से 08.30 बजे,नरसिंहपुर से 10.04 बजे, पिपरिया से 11.18 बजे, इटारसी 14.00 बजे, खंडवा से 18.04 बजे, भुसावल से 20.20 बजे, तीसरे दिन नासिक रोड से 00.29 बजे तथा कल्याण से 04.44 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 06.25 बजे पहुँचेगी।वापसी यात्रा में, गाड़ी संख्या 01081 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस विशेष गाड़ी 14 दिसंबर, 2025 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 08.25 बजे प्रस्थान कर कल्याण से 09.14 बजे, नासिक रोड से 12.55 बजे, भुसावल से 17.05 बजे, खंडवा से 19.30 बजे, इटारसी 21.10 बजे, पिपरिया से 23.17 बजे, दूसरे दिन नरसिंहपुर से 00.23 बजे, जबलपुर से 02.10 बजे,कटनी 03.35 बजे, मैहर से 04.32 बजे, सतना से 05.37 बजे, मानिकपुर से 08.15 बजे, प्रयागराज छिवकी से 10.00 बजे, मिर्जापुर 11.26 बजे तथा वाराणसी से 15.35 बजे छूटकर बनारस 16.05 बजे पहुँचेगी।

# सेवा संकल्प में सेवादारों का सम्मान, कंबल वितरण

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 13 दिसम्बर. सेवा संकल्प संस्था में प्रतिदिन भोजन तैयार कर सेवा देने वाले सेवादारों की निस्वार्थ सेवा से अभिभूत होकर दीपक अग्रवाल भानु सूतवालो ने अपने परिवार सहित सेवा संकल्प पहुंचकर पूरे स्टाफ को सर्दी से बचाव हेतु कंबल भेंट किए। ये सेवादार ठंड, बरसात और भीषण गर्मी में भी निरंतर सेवा कार्य में लगे रहते हैं।**



इस अवसर पर आरिन अग्रवाल, रचित गुप्ता एवं नलिन खेतान के जन्मदिवस, अभिनंदन होटल की वर्षगांठ तथा स्वर्गीय शिवशंकर खरे की पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा संकल्प में जरूरतमंदों को भोजन भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेश बड़ेरिया, सतीश वर्मा, गिरीश अग्रवाल, आर.के. अग्रवाल, पी.डी. कुचिया, रामअवतार अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, श्यामलाल गुप्ता, श्यामू, पवन अहलुवालिया, इंदु अहलुवालिया, दीपक अग्रवाल, प्रद्युम्न सिंह, पुष्पा, नीरज एवं पंकज खरे ने सेवा संकल्प में भोजन वितरित किया। सेवा संकल्प परिवार ने इस सेवा भाव के लिए सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# एकेएस के विधि संकाय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 13 दिसम्बर. ए.के.एस. विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने अभियोजन तंत्र और युवा शक्ति ‒ न्याय व्यवस्था में सहभागिता का नया दृष्टिकोण विषय पर आयोजित परिचर्चा ने न्यायिक व्यवस्था में युवाओं की भूमिका को नए संदर्भों में रेखांकित किया,कार्यक्रम में अभियोजन तंत्र की भूमिका, उसकी चुनौतियों और आधुनिक स्वरूप पर गहन चर्चा हुई।**



परिचर्चा में न्याय व्यवस्था में युवाओं की सक्रिय सहभागिता को प्रोत्साहित करने, विधि शिक्षा और न्यायिक प्रक्रियाओं के बीच सेतु निर्माण तथा अभियोजन विभाग, शिक्षाविदों और विद्यार्थियों के बीच संवाद को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सशक्त और जागरूक युवा शक्ति ही न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बना सकती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बी. एल. प्रजापति, संचालक मध्य प्रदेश लोक,भोपाल रहे। उन्होंने अभियोजन तंत्र की व्यावहारिक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को न्यायिक क्षेत्र में जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी तथा विधि संकाय के डीन डॉ. सुधीर जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन विधि संकाय प्रमुख डॉ.श्रीमती विधि संभरकर द्वारा किया गया।

## एक नजर में



### जीपी, एजीपी ने किया अभियोजन संचालक का स्वागत

**सतना।** संचालक लोक अभियोजन संचालनालय मध्यप्रदेश बी एल प्रजापति के आगमन पर जिले के लोक अभियोजक /शासकीय अभिभाषक रमेश मिश्रा (जीपी) एवं उनके सहयोगियों ने मुला?ात कर आत्मीय स्वागत किया,इस अवसर पर एजीपी गिरजेश पाण्डेय, सुनील निगम, अखिलेश अवधिया, राजेश मिश्रा प्रमुख रहें।

### गुरुद्वारा कलगीधर में रक्तदान शिविर आज

**सतना ।** मानव सेवार्थ पंजाबी समाज, पंजाबी महिला विकास समिति एवं सिन्धु विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में 14 दिसंबर रविवार को सिन्धी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा कलगीधर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजक मंडल की मोना चोपड़ा, मनोज अरोड़ा एवं विनोद गेलानी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया रक्तदान शिविर प्रात: 10ः30 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया गया.



### लायंस लंगर सेवा में हुआ खिचड़ी वितरण

**सतना ।** लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स सतना शनिवार को श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ।कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेयरपर्सन आलोक त्रिपाठी, ज़ोन चेयरपर्सन लायन धर्मेंद्र सेन, पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन संतोष कुमार सक्सेना ,लायन जितेन्द्र गर्ग, अशोक त्रिपाठी, कमल कांत पाण्डेय, स्वामीदीन शुक्ला, विनोद कुमार गर्ग, मिथलेश पाण्डेय, सुकीर्त त्रिपाठी, सूर्य कमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी , मंदिर के पुजारी पं.जगन्नाथ महराज जी एवं साथी उपस्थित रहे ।

# खेलों से एकाग्रता, मन की स्थिरता और टीम भावना का सृजन होता है : राजपूत

## खेल एक ऐसी विधा है जो हमें स्वस्थ्य रखता है : गणेश सिंह, दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव के तीसरे चरण का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**सतना 13 दिसम्बर. सांसद खेल महोत्सव 2025 के तीसरे चरण का भव्य शुभारंभ शनिवार को सतना शहर के दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में पुलिस महानिरीक्षक ( आईजी ) रीवा गौरव राजपूत के मुख्यातिथ्य तथा केजेएस सीमेंट के चेयरमैन पवन अहलूवालिया की अध्यक्षता में दीप प्रज्जवलित कर किया गया।**



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, पूर्व विधायक ऊषा चौधरी, पूर्व स्पीकर सुधीर सिंह तोमर, अनिल जायसवाल, पूर्व महापौर ममता पाण्डेय, विमला पाण्डेय, पुष्कर सिंह तोमर, राजाराम त्रिपाठी सहित खिलाड़ी, खेलप्रेमी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पुलिस महानिरीक्षक रीवा गौरव राजपूत ने कहा कि मूल रूप से एकाग्रता, मन की स्थिरता और टीम भावना का सृजन करना खेलों का मुख्य उद्देश्य होता है। पिछले 10 वर्षो में देश ने खेलों में जो खिलाडी दिये है, वह अतुलनीय है। न केवल क्रिकेट, बालीबाल, बैडमिंटन बल्कि कुश्ती, कबड्डी सहित अन्य खेलों में भी लीग बनना शुरू हो गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केजेएस सीमेंट के चेयरमैन पवन अहलूवालिया ने भी सांसद खेल महोत्सव 2025 में शामिल खिलाड़ियों का उत्सावर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनायें दी। सांसद श्री सिंह ने कहा कि 25 दिसम्बर को एक साथ इसका समापन होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पंजीयन के उपरांत सांसद खेल महोत्सव 2025 के लिए 8 हजार खिलाडियों ने 11 तरह के खेलों में अपना पंजीयन कराया। जिसमें लगभग 598 टीमों के 7 हजार 963 खिलाडी खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर खेल महोत्सव के ध्वज का आरोहण अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खिलाडियों का मार्च पास्ट, जेपी विद्यापीठ की बालिकाओं द्वारा देशभक्ति गीत के साथ सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति, जिले के नवनियुक्त अग्निवीरों का सम्मान, दिव्यांग ट्राइसिकिल रेस के प्रतिभागियों को टी शर्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने खेल मैदान में उपस्थित खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया और स्मृति चिन्ह भेंटकर प्रतिभागी खिलाडियों को सम्मानित किया।